घर आए नंदलाला जन्माष्टमी भजन लिरिक्स

बाजे रे बधैया,
घर आए नंदलाला,
बाजे रे बधैया,
घर आए नँदलाला।bd।

तर्ज – राधे राधे जपो चले।

गोकुल आज खुशी से झूमे,
पवन भी कान्हा के पग चूमे,
मन को लुभाए रे जी मुरली वाला,
बाजे रे बधैया,
घर आए नँदलाला।bd।

देवी देव दर्शन को आए,
देख के कान्हा मन मुस्काए,
पहनाए है पुष्प की माला,
बाजे रे बधैया,
घर आए नँदलाला।bd।

सब ही निहार रहे कान्हा को,
मोह रहे कान्हा है मन को,
सबको अपने रंग रंग डाला,
बाजे रे बधैया,
घर आए नँदलाला।bd।

'सारा' 'शहनाज़' भी देवे बधाई,
नन्द बाबा घर जन्मे कन्हाई,
'प्रतिक' बोले जय गोपाला,
बाजे रे बधैया,
घर आए नँदलाला।bd।

बाजे रे बधैया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

घर आए नंदलाला,
बाजे रे बधैया,
घर आए नँदलाला।bd।

Singer – Shahnaz & Sara Akhtar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com